# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज,राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 30.11.2024



### ट्रांसपोर्ट नगर योजना की सड़क का निर्माण कार्य तेज कराएं

वाराणसी। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर योजना मोहनसराय का निरीक्षण किया। यहां सड़क निर्माण कार्य को तेज करने के लिए अधिक मजदूर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान बाहरी क्षेत्र में कई जगहों पर बारबेड फिनिशिंग टूटी मिली। इसे तत्काल ठीक कराते हुए समस्त योजना क्षेत्र को सुरक्षित करने के निर्देश दिए। ब्यूरो

### अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

वाराणसी। वीडीए में लंबित वादों के निस्तारण के लिए ऑनलाइन लीगल कैश मैनेजमेंट सिस्टम (एलसीएमएस) लागू करने की तैयारी है। इसके लिए शुक्रवार को वीडीए सभागार में अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने कहा कि एलसीएमएस के माध्यम से लंबित मामलों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेगा। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 30.11.2024



### यूएई में बिल्डिंग निर्माण में ग्रीन कंक्रीट पर फोकस

वाराणसी। स्टडी टूर से लौटे वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि यूएई में बिल्डिंग निर्माण में ग्रीन कंक्रीट पर जोर दिया जा रहा है। दरअसल वहां गर्मी अधिक होती है। इसे देखते हुए ग्रीन कंक्रीट में फ्लाई ऐश के अलावा उन पदार्थों का इस्तेमाल होता है, जो गर्मी के अनुकूल हो। उन्होंने बताया कि यूएई में निर्माण कार्यों में हर बिंदु का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। उनका जोर रिसर्च, इनोवेशन और एजूकेशन के बाद प्लानिंग पर रहती है। सोशियो इकोनामिक पक्ष को देखने के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाता है। वहां अपडेटेड टेक्नालाजी और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू होता है। ब्यूरो

अमर उजाला–दि0 30.11.2024

## असि नदी के जीर्णोद्धार की रिपोर्ट तैयार करेगा आईआईटी बीएचयू

**वाराणसी।** असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए आईआईटी बीएचयू रिपोर्ट तैयार करेगा। जिसे वह वीडीए को उपलब्ध कराएगा। साथ ही हर 15 दिन में बैठक भी करने का निर्णय लिया गया। असि नदी के जीर्णोद्धार के लिए बनी समिति की बैठक शुक्रवार को वीडीए में हुई। इसमें ड्रॉइंग और डिजाइन और डीपीआर बनाने पर चर्चा की गई। समीक्षा में यह पाया गया कि टाइम लाइन के अनुसार अंतरिम रिपोर्ट नवंबर में उपलब्ध कराई जानी थी, लेकिन अभी रिपोर्ट तैयार नहीं हुई। इसके बेहतर समन्वय एवं प्रभावी प्रबंधन के उद्देश्य से वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके सफल संचालन के लिए पर्यवेक्षणीय समिति का भी गठन किया गया है। इसमें अपर सचिव के अलावा अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार को सदस्य बनाया गया है। ब्यूरो

हिन्दुस्तान–दि0 30.11.2024

## अस्सी के जीर्णोद्धार को हर माह दो बैठक

वाराणसी। अस्सी नदी के जीर्णोद्धार के लिए आईआईटी बीएचयू की मदद से तैयार करायी जा रही परियोजना की डिजाइन एवं डीपीआर के संबंध में शुक्रवार को वीडीए मुख्यालय में बैठक हुई। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने परियोजना के लिए अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा को मुख्य नोडल अधिकारी नामित किया है। पर्यवेक्षणीय समिति का भी गठन किया गया है। समिति ने आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों से संपर्क कर तय समय में रिपोर्ट बनाने और हर माह दो बैठक करने का निर्णय लिया है।

हिन्दुस्तान–दि0 30.11.2024

## ट्रांसपोर्टनगर में श्रमिक बढ़ाए जाएंगे

वाराणसी। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को मोहनसराय के ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गति में तेजी लाने के लिए श्रमिकों तथा मशीनों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्य प्रवेश द्वार पर ट्रांसपोर्ट नगर बोर्ड लगाने को कहा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 30.11.2024

## जवाहर लाल नेहरू व्यवसायिक कांपलेक्स का पुनर्निर्माण शीघ्र

कैण्ट स्टेशन के समीप जवाहर लाल नेहरू व्यवसायिक कांपलेक्स के दिन अब बहुरने वाले हैं। इसके पुनर्निर्माण के लिए वीडीए ने एनबीसीसी के साथ एमओयू का टर्न कंडिसन निर्धारित किया है। लगभग ४० से ४५ वर्ष पूर्व कैण्ट स्टेशन से सिगरा जाने वाले मार्ग पर स्थिति जवाहर लाल नेहरू व्यवसायिक कांपलेक्स अब पुनः निर्माण के लिए तैयार हैं। वीडीए अधिकारियों का कहना है कि इसके पुनर्निर्माण में क्षेत्रीय व्यापार और प्रशासनिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जायगा साथ ही बहुमंजिले इमारत का भवन बनेगा। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि यहां पर एक यात्री विश्राम भी बनाया जायेगा जिससे मुख्य अवरों पर यात्रियों को निवास करने के लिए उचित जगह भी मिलेगी। वीडीए बोर्ड की बैठक में इंग्लिशियालाइन डेवलपमेंट हेतु ईओआई के तहत टेण्डर आमंत्रित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि विप्रा बोर्ड ने अपनी स्वीकृति का मोहर पहले ही लगा दिया है। वीडीए उपाध्यक्ष की देख रेख में निजी कंपनी के साथ कई दौर की बैठक हुई जिसमें कि इसे व्यवसायिक और प्रशासनिक दृष्टि से विकसित करने के लिए बहुमंजिले इमारत बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निजी कंपनी और वीडीए के अभियंताओं ने अपना पक्ष रखा। जिससे कि वहां पर व्यापार में वृद्धि करने के लिए लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जानकारी के अनुसार व्यवसायिक केंद्र को आधुनिक रूप में बनाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया। बहुमंजिले इमारत में लोगों के उपयोग के लिए कई विभागों के कार्यालय भी खोले जा सकते हैं। बैठक में अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, एनबीसीसी के महाप्रबंधक अनिल कुमार यादव, वीडीए अधीक्षण अभियंता अजय पवार और नगर नियोजक ने आपसी बैठक में कई चीजों को निष्कर्ष भी निकाला।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 30.11.2024


# बकाए धनराशि को जमा करें दुकानदार : डा. गुडाकेश

**वाराणसी(एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, इंग्लिशिया लाईन का निरीक्षण किया। यह एक मुख्य

**जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का वीडीए के अपर सचिव ने किया निरीक्षण**

मार्केट है, जो कैण्ट रेलवे स्टेशन बस अड्डे व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, कमलापति त्रिपाठी, इण्टर कालेज के समीप लैण्ड मार्क के रूप में है। उक्त भवन के समीप रोप-वे के 02 प्रमुख स्टेशन भी प्रस्तावित है।

विकास प्राधिकरण बोर्ड की तरफ से उक्त 40-45 वर्ष पूर्व निर्मित भवन के स्थान पर जी.12 भवन एवं 02 बेसमेंट बनाये जाने की अनुमति प्राप्त हुई है। उक्त भवन का निर्माण एनबीसीसी की तरफ से कराये जाने की सहमति बोर्ड ने दी है। बोर्ड निर्णय के क्रम में एनबीसीसी के साथ एमओयू किये जाने के लिए कल 28 नवम्बर 2024 को उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में समिति की तरफ से नियम शर्तों पर विस्तृत चर्चा हुई थी। दिये गये निर्णय के क्रम में शुक्रवार को डॉ. गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव, आनंद प्रकाश तिवारी, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) एवं बिल कलेक्टरों के साथ व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया गया तथा दुकान स्वामी एवं किरायेदारों को वस्तु-स्थिति से अवगत कराया गया। स्थल पर ही प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) की तरफ से सभी बकायेदार किरायेदारों को बकाये धनराशि से भी अवगत कराते हुए 15 दिवस में समस्त बकाया धनराशि जमा कराने का अनुरोध किया गया।



### वीडीए ने अवैध निर्माणों को किया सील

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश क्रम में वीडीए के जोन-एक, वार्ड-शिवपुर एवं सिकरौल के प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की। वीडीए के जोन-एक में अजीत उपाध्याय, मौजा-सुद्धिपुर, वार्ड शिवपुर में बेसमेंट का निर्माण कर भू- तल कालम पर बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-एक में शुभम सिंह, मां चंद्रिका नगर कॉलोनी मौजा-सुद्धिपुर, वार्ड-शिवपुर, में निर्माण किया जा रहा था, उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-एक में रफीक अहमद की तरफ से मोहल्ला-पियरी पोखरी, लालपुर वार्ड- सिकरौल में चोरी छिपे से निर्माण किया जा रहा था, उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया।


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 30.11.2024


# अधिक श्रमिक व मशीनरी लगाकर जल्द से करें सड़कों का काम



**ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विकास कार्यों का अपर सचिव ने किया निरीक्षण**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को वीडीए की तरफ से ट्रांसपोर्ट नगर योजना, मोहनसराय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सड़कों का विकास तेजी से करने के लिए अधिक श्रमिकों को तथा मशीनरी यथा- जेसीबी मशीनें, डम्पर आदि लगाकर कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। स्थल पर योजना के बाहरी क्षेत्र में कई जगहों पर बारबेड फिनिशिंग टूटी पायी गयी, जिसे तत्काल ठीक कराते हुए समस्त योजना क्षेत्र को सुरक्षित करने के निर्देश दिये गये, जिससे विवाद की स्थिति न हो। योजना के मुख्य प्रवेश द्वार पर ट्रांसपोर्ट नगर योजना यूनिपोल पर लगाने एवं प्रवेश द्वार पर ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में लैण्ड स्केपिंग किये जाने एवं 24 मी. तथा 18 मी. के ट्राई जक्शन पर रोटरी बनाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण में अजय पवार, अधीक्षण अभियंता (निर्माण), देवेश राम गुप्ता, सहायक अभियंता, प्रभात कुमार, नगर नियोजक एवं सुनील कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com



जनसंदेश टाइम्स–दि0 30.11.2024

# अब अवैध निर्माण को पकड़ेगा जियोट्रिक्स सॉफ्टवेयर

**तकनीक तैयार**

**सैटेलाइट इमेज से चिह्नित होगा 200 वर्ग किमी का क्षेत्र**

**वीडीए उपाध्यक्ष की मौजूदगी में अधिकारी और कर्मचारी प्रशिक्षित**



वाराणसी। शहर में अब अवैध निर्माण की आसानी से जहां पहचान होगी,वही उसके गतिविधियों को सैटेलाइट इमेज के द्वारा चिह्नित भी किया जा सकेगा। इसको लेकर वीडीए ने नई तकनीकन अपनाया है। विभाग अत्याधुनिक ज़िओट्रिक्स सॉफ्टवेयर का उपयोग शुरू किया है। इस सॉफ्टवेयर के जरिए सेटेलाइट इमेज की मदद से शहर के 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में अवैध निर्माणों को चिह्नित किया जाएगा।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में सॉफ्टवेयर के तकनीकी नेतृत्वकर्ता एडवांस सैटेलाइट परिवर्तन सॉफ्टवेयर द्वारा नियोजित विकास में नई तकनीक के बारे में एक्सपर्ट्स ने जोनल अधिकारियों और अवर अभियंताओं को इसका प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली और इसकी क्षमताओं को विस्तार से समझाया। सॉफ्टवेयर का उपयोग न केवल अवैध निर्माण की पहचान के लिए होगा,बल्कि यह जानकारी भी देगा कि 4शहर में नए प्लॉटिंग कहां-कहां हुई है। इस तकनीक के आने से काशी में नगर नियोजन को नई दिशा मिलेगी। जिओट्रिक्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्माण की समय पर जानकारी मिलने से अवैध निर्माण को रोका जा सकेगा। डिजिटल मैपिंग से पूरे शहर का डिजिटल नक्शा तैयार होगा। जिससे नगर नियोजन में सटीकता बढ़ेगी। प्लॉटिंग पर निगरानी होगी। नए प्लॉटिंग वाले क्षेत्रों की जानकारी मिलने से प्राधिकरण नियोजित विकास योजनाएं तैयार कर सकेगा, और भविष्य की योजना के निर्माण में अहम भूमिका होगी। भूमि उपयोग और आवासीय योजनाओं के लिए बेहतर डेटा उपलब्ध होगा। जिओट्रिक्स सॉफ्टवेयर की शुरूआत वाराणसी में नगर नियोजन की एक नई पहल है। इससे न केवल अवैध निर्माण पर नियंत्रण होगा, बल्कि शहर का नियोजित विकास भी सुगम होगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने इसे शहर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। प्राधिकरण ने यह भी सुनिश्चित किया कि तकनीक का उपयोग भविष्य की सभी योजनाओं में किया जाएगा। जिससे वाराणसी स्मार्ट और व्यवस्थित शहर की ओर अग्रसर हो सके। उपध्यक्ष ने बताया कि नई तकनीक से मिली जानकारी के अनुसार जोनल मौके पर जाएगें और फोटो खींचकर अपलोड करेंगे। इस अवसर पर संयुक्त सचिव परमानंद यादव,आईटी अनुभाग के दिनेश सिंह,जोनल अधिकारी व अवर अभियंता शामिल रहे।

## न्यायाधीश–दि0 30.11.2024

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विकास कार्यो का अपर सचिव द्वारा किया गया निरीक्षण

वाराणसी।उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 29.11.2024 को डॉ0 गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना, मोहनसराय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में श्री अजय पवार, अधीक्षण अभियन्ता (निर्माण), श्री देवेश राम गुप्ता, सहायक अभियन्ता, श्री प्रभात कुमार, नगर नियोजक एवं श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार उपस्थित रहे। निरीक्षण में सड़कों के विकास में और अधिक गति लाने के लिए अधिक श्रमिकों को तथा मशीनरी यथा- जे0सी0बी0 मशीन, डम्पर आदि लगाकर कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। इस्थल पर योजना के बाहरी क्षेत्र में कई जगहों पर बारबेड फिनिशिंग टूटी पायी गयी, जिसे तत्काल ठीक कराते हुए समस्त योजना क्षेत्र को सुरक्षित करने के निर्देश दिये गये, जिससे विवाद की स्थिति न हो।ङ योजना के मुख्य प्रवेश द्वार पर ट्रांसपोर्ट नगर योजना यूनिपोल पर लगाने एवं प्रवेश द्वार पर ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में लैण्ड स्केपिंग किये जाने एवं 24 मी0 तथा 18 मी0 के ट्राई जक्शन पर रोटरी बनाने के निर्देश दिये गये।

## न्यायाधीश–दि0 30.11.2024

### अस्सी नदी के जीर्णोद्धार के लिए परियोजना के डिजाइन एवं विस्तृत डी0पी0आर0 के प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



वाराणसी।उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशों के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आई0आई0टी0 बी0एच0यू0, वाराणसी के सहयोग से अस्सी नदी के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। प्रश्नगत परियोजना के ड्राईंग डिजाइन एवं विस्तृत डी0पी0आर0 तैयार किये जाने हेतु आई0आई0टी0 बी0एच0यू0, वाराणसी से वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा एम0ओ0यू0 गठित किया गया है। उक्त परियोजना के कार्यो के सुचारू एवं समयबद्ध सम्पादन, बेहतर समन्वय एवं प्रभावी प्रबंधन के उद्देश्य से डॉ0 गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी को मुख्य परियोजना नोडल अधिकारी, श्री पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी द्वारा आदेश दिनांक 26.11.2024 द्वारा नामित किया गया है। अस्सी नदी के जीर्णोद्धार की परियोजना के सतत् पर्यवेक्षण एवं सफल क्रियान्वयन हेतु पर्यवेक्षणीय समिति का भी गठन किया गया है, जिसमें डॉ0 गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव के अतिरिक्त श्री अजय पवार, अधीक्षण अभियन्ता, श्री अरविन्द शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, श्री प्रभात कुमार, नगर नियोजक एवं श्री अमन साहु, आर्किटेक्ट प्लानर को सदस्य बनाया गया है तथा श्री शिवाजी मिश्रा, सहायक अभियन्ता को सदस्य संयोजक एवं म-ल् कन्सल्टिंग टीम को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। उक्त गठित समिति की आज दिनांक 29.11.2024 को बैठक प्राधिकरण में सम्पन्न हुई, जिसमें समिति द्वारा आई0आई0टी0 बी0एच0यू0, वाराणसी के साथ एम0ओ0यू0 के आधार पर टाइम लाईन के अनुसार प्रगति समीक्षा की गयी। समीक्षा में यह पाया गया कि टाइम लाईन के अनुसार अंतरिम रिपोर्ट माह नवम्बर, 2024 में उपलब्ध कराया जाना है, जिसके क्रम में आई0आई0टी0 बी0एच0यू0, वाराणसी द्वारा रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को शीघ्र ही उपलब्ध कराया जायेगा। समिति द्वारा पाक्षिक रूप से बैठक किये जाने का भी निर्णय लिया गया।

न्यायाधीश–दि0 30.11.2024

## जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक कॉम्पलैक्स का अपर सचिव द्वारा किया गया निरीक्षण



वाराणसी।उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 29.11.2024 को डॉ0 गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी द्वारा जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक कॉम्पलैक्स, इंग्लिशिया लाईन, वाराणसी का निरीक्षण किया गया। यह एक मुख्य मार्केट है, जो कैण्ट रेलवे स्टेशन बस अड्डे व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, कमलापति त्रिपाठी, इण्टर कालेज के समीप लैण्ड मार्क के रूप में है। उक्त भवन के समीप रोप-वे के 02 प्रमुख स्टेशन भी प्रस्तावित है। विकास प्राधिकरण बोर्ड द्वारा उक्त 40-45 वर्ष पूर्व निर्मित भवन के स्थान पर जी+12 भवन एवं 02 बेसमेंट बनाये जाने की अनुमति प्राप्त हुई है। उक्त भवन का निर्माण एन0बी0सी0सी0 के द्वारा कराये जाने की सहमति बोर्ड द्वारा दी गयी है। बोर्ड निर्णय के क्रम में एन0बी0सी0सी0 के साथ एम0ओ0यू0 किये जाने के लिए कल दिनांक 28.11.2024 को उपाध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में समिति द्वारा नियम शर्तो पर विस्तृत चर्चा हुई थी। दिये गये निर्णय के क्रम में आज दिनांक 29.11.2024 को डॉ0 गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी द्वारा श्री आनन्द प्रकाश तिवारी, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) एवं बिल कलेक्टरों के साथ व्यावसायिक कॉम्पलैक्स का निरीक्षण किया गया तथा दुकान स्वामी एवं किरायेदारों को वस्तु-स्थिति से अवगत कराया गया। स्थल पर ही प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) द्वारा सभी बकायेदार किरायेदारों को बकाये धनराशि से भी अवगत कराते हुए 15 दिवस में समस्त बकाया धनराशि जमा कराने का अनुरोध किया गया।

## अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही की गयी

वाराणसी। दिनाक 29.11.2024 को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 , वार्ड- शिवपुर एवं सिकरौल के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी और सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश,अवर अभियंता प्रिया अग्रही प्रवर्तन टीम उपस्थित रही र जोन-1 में श्री अजीत उपाध्याय , मौजा- सुद्धिपुर,वार्ड-शिवपुर में लगभग 6.6 मीटरX 18.0 मीटर के क्षेत्रफल में बेसमेंट का निर्माण कर भू - तल कालम पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया।जोन-1 में श्री शुभम सिंह, आ0संख्या-216 मॉं चंद्रिका नगर कॉलोनी मौजा- सुद्धिपुर,वार्ड-शिवपुर. में निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया।जोन-1 में श्री रफीक अहमद द्वारा भूखण्ड संख्या- एस -12/7 मोहल्ला- पियरी पोखरी,लालपुर वार्ड- सिकरौल में चोरी छिपे से निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण सील किया गया।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।